अमर उजाला शनिवार • 05.12.2020
www.amarujala.com

एक्वा लाइन विस्तार में दिल्ली मेट्रो होगी सलाहकार

एनएमआरसी और डीएमआरसी के बीच 5 साल के लिए हुआ करार

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा/ दिल्ली। नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड के एक्वा लाइन विस्तार में दिल्ली मेट्रो सलाहकार की भूमिका निभाएगी। शुक्रवार को नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) के बीच 5 साल के लिए करार हुआ है।

करार पर हस्ताक्षर के बाद एनएमआरसी और डीएमआरसी के अधिकारी।

करार के तहत दिल्ली मेट्रो को जनरल कंसल्टेंट के तौर पर सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर निर्माण में कई प्रकार से सहयोग करना होगा। हालांकि कॉरिडोर का निर्माण एनएमआरसी खुद करेगी। एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक प्रवीण कुमार मिश्रा और दिल्ली मेट्रो के बिजनेस डेवलपमेंट निदेशक पीके गर्ग ने करार पर हस्ताक्षर किए। एनएमआरसी की एमडी रितु माहेश्वरी और डीएमआरसी के एमडी मंगू सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल हुए।

पहले चरण में 5 स्टेशनों का निर्माण

एक्वा लाइन विस्तार के तहत पहले चरण में सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-2 तक पांच स्टेशन का निर्माण होना है। यह कॉरिडोर 9.605 किलोमीटर लंबा होगा। इसके तहत सेक्टर-122, नोएडा सेक्टर-123, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4, इकोटेक 12 और ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 स्टेशन होंगे।

ये होगी भूमिका... करार के तहत डीएमआरसी के सहयोग से आर सिग्नल, टेलीकॉम, ओएचई, ट्रैक, स्काडा के प्रबंधन और एकीकरण संबंधी दस्तावेज तैयार किए जाएंगे। मौजूदा एक्वा लाइन (एन-जीएन) मेट्रो सिस्टम के साथ सभी नई लाइन को जोड़ने संबंधी परियोजनाओं के लिए परामर्श देने सहित डीएमआरसी की ओर से वैल्यू इंजीनियरिंग के लिहाज से भी सुझाव दिया जाएगा। तमाम अनुबंध और लागत सहित अन्य पहलुओं पर भी परामर्शदाता की भूमिका होगी। फेज-दो परियोजना के कॉरिडोर के निर्माण, संचालन व रखरखाव संबंधी नियमावली तैयार करने में डीएमआरसी की ओर से एनएमआरसी कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए भी प्रबंधन की भूमिका होगी।